प्रेस नोट **15/06/2026**

पुलिस लाइन मऊ में चल रहे उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस (UPSI) भर्ती-2026 के अभिलेख सत्यापन (DV) एवं शारीरिक मानक परीक्षण (PST) की प्रक्रिया का आज पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन, पहचान मिलान तथा शारीरिक मानक परीक्षण की प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने भर्ती कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक अभ्यर्थी के अभिलेखों का सावधानीपूर्वक परीक्षण किया जाए तथा भर्ती प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन एवं अभ्यर्थियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान भर्ती स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के बैठने, पेयजल, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। भर्ती प्रक्रिया शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित पाई गई। जनपद पुलिस मऊ द्वारा भर्ती प्रक्रिया को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार व क्षेत्राधिकारी लाइन श्री दिनेश दत्त मिश्र मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 15.06.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-

इस अभियान के अंतर्गत 37 टीम गठित कर जनपद के 43 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 420 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 04 वाहन को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

थाना साइबर क्राइम जनपद मऊ द्वारा 07 गुमशुदा मोबाइल फोन (कीमत लगभग 1,42,000/- रुपये) बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाया उनका खोया हुआ कीमती मोबाइल और भरोसा"–

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के निर्देशन में साइबर फ्रॉड रोकथाम व जागरूकता तथा गुम मोबाईल बरामदगी के तहत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना साइबर क्राइम जनपद मऊ टीम द्वारा थाना स्थानीय भिन्न भिन्न दिनांक में CEIR पोर्टल शिकायतकर्ता 01.अनिल कुमार यादव पुत्र शिवपुजन यादव ,रवि कुमार पुत्र नरेन्द्र लाल,आशीष गुप्ता पुत्र रमेश गुप्ता,.रोशन सिंह पुत्र जगदीश सिंह ,संजीव कुमार पुत्र स्व0 मतादिन ,पुजा खरवार पुत्री इन्द्रदेव ,रजनीश यादव पुत्र रामप्यारे के द्वारा मोबाइल गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। शिकायत की जाँच के क्रम में गुम मोबाइलों को CEIR पोर्टल की मदद से ट्रेस कर बरामद किया गया। बरामद मोबाईल शिकायतकर्ताओं को सुपुर्द गिया गया।

मोबाइल का विवरण: –

1. एक अदद मोबाइल SAMSUNG GALAXY (कीमत 23,000/- रूपये) ।
2. एक अदद मोबाइल VIVO V50E (कीमत 40,000/- रूपये)।
3. एक अदद मोबाइल REDMI 2312DRAABI (कीमत 30,000/- रूपये)
4. एक अदद मोबाइल REALME 14T (कीमत 25,000/- रूपये)
5. एक अदद मोबाइल REDMI A3X (कीमत 23,000/- रूपये)
6. एक अदद मोबाइल OPPO 612X (कीमत 19,000/- रूपये)
7. एक अदद मोबाइल REDMI 12 (कीमत 18,000/- रूपये)

मऊ पुलिस आमजन से अपील करती है किं मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये अथवा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क करें जिससे त्वरित कार्यवाही कर गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके